**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र-2023 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर।**

-----------------------------------------------------------------

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 18(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेगें कि स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा अतार्किक एवं भ्रामक तथ्यों के आधार पर बी0सी0जी0 टेक्नीशियन संवर्ग को समाप्त किये जाने के प्रस्ताव को निरस्त किये जाने विषयक आपको सम्बोधित अशोक कुमार रावत, सांसद, मिश्रिख, उ0प्र0 का पत्र दिनांक-06.05.2023 को प्राप्त हुआ है? | पत्र प्राप्त हुआ है। |
| (ख) यदि हॉं, तो क्या चिकित्सा अनुभाग-7, उ0प्र0 शासन की अधिसूचना दिनांक-06 जनवरी 2017 के द्वारा बी0सी0जी0 टेक्नीशियन संवर्ग की सेवानियमावली संशोधित करते हुए अर्हता इण्टरमीडिएट एवं स्टेट मेडिकल फैकल्टी से 2 वर्ष डिप्लोमा का प्राविधान किया गया है? | जी हॉं। |
| (ग) यदि हॉं, तो कितने व्यक्ति बी0सी0जी0 टेक्नीशियन का 2 वर्षीय डिप्लोमा पूर्ण कर चुके हैं? | उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी के माध्यम से 128 अभ्यार्थियों द्वारा डिप्लोमा पूर्ण किया जा चुका है। |
| (घ) क्या बी0सी0जी0 टेक्नीशियन सेवा नियमावली संशोधित हो जाने तथा 2 वर्षीय डिप्लोमा पूर्ण कराये जाने के बाद अचानक स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा बी0सी0जी0 टेक्नीशियन संवर्ग को समाप्त किये जाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का औचित्य क्या है? | प्रकरण में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 को शासन के पत्र दिनांक 06-08-2023 द्वारा उक्त प्रस्ताव का पुनर्परीक्षण करते हुए औचित्यपूर्ण प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये हैं। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री ।